


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई–पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 11 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 19 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया



## पटाखा मार्केट के लिए बनने लगी दुकानें

### 250 दुकानों का हो रहा निर्माण, भगवान के चित्र वाले पटाखों पर रहेगा बैन



**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** इस वर्ष 31 अक्टूबर एवं 01 नवंबर को देशभर में दीपावली मनाई जाएगी। बाजार में दीवाली की रौनक दिखाई देने लगी है। मन्दसौर शहर के कॉलेज ग्राउंड में लगने वाले पटाखा मार्केट की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार 250 से ज्यादा लोगों ने पटाखा बाजार में दुकान लगाने की रुचि दिखाई है। कॉलेज ग्राउंड में टीन चद्दर से दुकानों का निर्माण किया जा रहा है।

शहर के पटाखा मार्केट व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष राजू अखेरिया ने बताया कि करीब 200 से 250 दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। दुकानों में टेंट या कपड़े का उपयोग नही किया जा रहा। इसके साथ ही हर दुकान के बाहर पानी और रेत रखी जा रही है। वहीं पटाखा मार्केट में नगर पालिका का दमकल वाहन भी तैनात रहता है। प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार पूरी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके साथ ही देवी देवताओं के चित्र वाले पटाखों पर बैन है। ऐसे पटाखों को विक्रय करने वाले दुकानदारो पर कार्रवाई करवाएंगे।

## बस की टक्कर से बाईक सवार गंभीर घायल

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नयाखेड़ा बायपास पर तेज गति से चल रही बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हादसा गुरुवार देर रात करीब 12 बजे हुआ। बाइक सवार संजीत नाका निवासी कुंदन गौड दलौदा की तरफ जा रहा था। इसी दौरान नयाखेड़ा बायपास पर बस ने बाइक को टक्कर मार दी। गंभीर घायल अवस्था में उसे बड़े अस्पताल लाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।





# ट्रेंचिंग ग्राउंड: दीपावली की सफाई देने लगी तनाव..!

## ✻ तैतीस प्रश अतिरिक्त कचरा, ट्रेंचिंग ग्राउंड पर बढ़ा लोड ✻ प्रोजेक्ट ठेकेदार के कर्मचारी हुए गायब

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** यूं तो शहर 60 टन कचरा रोज उगलता है। लेकिन, दीपावली पर घरों और प्रतिष्ठानों की सफाई से कचरा लगभग 80 टन हो जाता है। यानी नगर पालिका को 33 प्रतिशत अतिरिक्त कचरे को उठाकर उसका निष्पादन करना पड़ रहा है। साधन- संसाधन तो नगरपालिका के पास सीमित है। लेकिन, सबसे ज्यादा तनाव ट्रेंचिंग ग्राउंड पर जमा कचरा दे रहा है। इसका कारण है लिगेसी वेस्ट प्रोजेक्ट में लेटलतीफी। लिगेसी वेस्ट का प्रोजेक्ट मंजूर हुआ तो नपा को लगा कि अब ऐसा नहीं होगा। लेकिन, जिस कंपनी ने काम लिया वह काम करने में रुचि नहीं ले रही है। जून में अनुबंधित कंपनी ने काम शुरू किया था। कुछ दिन काम करने के बाद कंपनी का अमला गया तो अब तक कई माह बीतने के बाद लौटकर नहीं आया। ऐसे में कचरा सड़कों तक फैलने लगा है। कचरे का निष्पादन नपा के लिए अहम चुनौती बन गया है। स्वच्छ भारत मिशन में शासन ने शहर के लिए लिगेसी वेस्ट का प्रोजेक्ट मंजूर किया था। दिल्ली की आईसीयूआईजी कंपनी ने काम तो शुरू किया। लेकिन, पिछले चार माह से काम बंद पड़ा है।

### लंबी उलझन के बाद शुरू हुआ था काम...

आम दिनों में 60 टन मंदसौर शहर कचरा हर उगलता है तो जिले के अन्य निकाय मिलाकर करीब 200 टन कचरा हर दिन उगलते हैं। जबकि, दीपावली की सफाई के दौरान 33 प्रतिशत कचरे में बढ़ोतरी होती है। इनका निष्पादन निकायों के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। निष्पादन से ही स्वच्छता की परीक्षा में नंबर भी मिलते हैं। लेकिन, अब यह चिंता हमेशा के लिए दूर होने वाली है। लंबी उलझन के बाद शासन स्तर से टेंडर निकले थे। लेकिन, जिस कंपनी ने काम किया था, वह अब देर कर रही है।

### जून में शुरू किया था कार्य...

ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे के निष्पादन के लिए अनुबंधित कंपनी ने 15 जून से काम शुरू किया था। कचरे के बने पहाड़ के बीच दवाईयों के छिड़काव से लेकर मशीन चलाकर रास्ता बनाने के बाद काम बंद किया गया था। इसके बाद अब तक काम शुरू ही नहीं हुआ है और ट्रेंचिंग ग्राउंड पर हर दिन शहर से कचरा बड़ी मात्रा में पहुंच रहा है। इसके कारण सड़क तक कचरा फैल रहा है। कचरे को अलग-अलग कर उसका निष्पादन करने से लेकर अभी प्रोजेक्ट के अनुसार काफी काम बाकी है। ऐसे में स्वचछता रैंकिंग पर असर होगा।

### कचरे का निष्पादन बड़ी चुनौती...

हर साल होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण में निकायों को कचरे का एकत्रित करने से लेकर कचरे का निष्पादन करने के लिए भी नंबर मिलते हैं। कचरा एकत्रितकरण तो निकाय करते है और ट्रेंचिंग ग्राउंड तक छोड़ते है। लेकिन, वहां निष्पादन करना ही सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। इसमें पॉलिथीन से लेकर अनुपयोगी चीजों के अलावा मिट्टी भी होती है। लेकिन, सर्वेक्षण में निष्पादन व गीले-सूखे कचरे के भी नंबर मिलते हैं, जो हासिल करना निकायों के लिए चुनौती है। निष्पादन के अभाव में ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरे को संभालना भी निकायों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में यह प्रोजेक्ट निकायों के लिए बड़ा कारगर माना जा रहा है। लेकिन, इसकी धीमी चाल ने मुसीबतें बड़ा रखी है।

### इस तरह कंपनी को करना है कचरे का निष्पादन...


शासन ने जिले की अग्रणी निकाय होने के कारण मंदसौर में इसे पायलेट प्रोजेक्ट के रुप में काम शुरु किया है। इसमें ट्रैचिंग ग्राउंड पर शहर से निकलने वाले कचरे की पूरी रिपोर्ट मांगी। इसके बाद टेंडर जारी कर निजी कंपनी को काम दिया। मंदसौर बायपास ट्रैचिंग ग्राउंड पर कंपनी अनुबंध प्रक्रिया के बाद काम शुरु हुआ। इसमें मशीनों से कचरे के बीच पॉलिथीन, रबर, मिट्टी व चीनी सहित अन्य अलग-अलग प्रकार की सामग्री को अलग किया जाएगा। इसके बाद बड़ी कंपनियों को यह कंपनी सीधे यह सामग्री भेजेगी। इससे ट्रैचिंग ग्राउंड से कचरा हटेगा और जगह होगी। साढ़े तीन करोड़ में मंदसौर में यह काम होगा। इसके बाद स्वच्छता के इसी अभियान में जिले के सभी निकायों के लिए इसे लागू किया जाएगा और सभी निकायों से कचरा मंदसौर में क्लस्टर बनाकर यहां एकत्रित किया जाएगा। लेकिन, पहले चरण का काम ही चार माह से बंद पड़ा है।

## दो भाईयों पर मारपीट का प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पुलिस ने दो भाईयों पर केस दर्ज किया। खजूरी चन्द्रावत निवासी भंवरसिंह पिता जरेसिंह राजपूत ने नाहरगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि बीती रात्रि बजरंगसिंह पिता मोहनसिंह राजपूत व उसका भाई चन्दरसिंह दोनों लट्ठ लेकर आए, बोले कि तुम्हें यहां नही रहने देंगे, गाली-गलौज की व मारपीट की पत्थर फेंके। बीच-बचाव करने आए मेरे भाई दशरथ को भी पीटा, जिससे पैर, नाक, चेहरे व गुप्तांग पर चोंट आई। पुलिस ने दोनों भाईयों पर केस दर्ज किया।

# दीपावली बाद भी इस साल 18 मुहूर्त

## त्यौहार के बाद भी गुलजार रहेगा बाजार, सभी सेगमेंट में रहेगा 35 प्रतिशत उछाल




**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** बाजार में अब दीपावली की खरीदारी की हलचल बढ़ने लगी है। सनातन समाज के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के बाद भी बाजार में पूरे साल अर्थात दिसंबर तक हलचल बनी रहेगी। इसकी वजह यह है कि 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के बाद से शादी ब्याह का सीजन शुरू हो जाएगा। सिर्फ नवंबर और दिसंबर में ही शादी के 18 मुहूर्त हैं। व्यापारियों का कहना है कि शादियों के लिए बाजार में खरीदारी शुरू हो चुकी है। आंकलन है कि पिछले 5 सालों के मुकाबले इस बार हर सेगमेंट में औसतन 35 प्रतिशत उछाल रहेगा।


### दीवाली बाद यह रहेंगे विवाह समारोह के मुहूर्त...

नवंबर में 16, 17, 18 व 22, 23, 24, 25 एवं 26 को और दिसंबर में 2, 3 ,4, 5 , 9, 10, 11, 13, 14 और 15 तारीख को विवाह के मुहूर्त हैं। इनके अतिरिक्त करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, भाई दूज, देव उठनी एकादशी (प्रबोधिनी एकादशी) कार्तिक पूर्णिमा के त्योहार भी बाकी हैं।

### पहले से शुरु हो गई बुकिंग...

इस बार विवाह के मुहूर्त भी ज्यादा हैं। नवरात्रि और दशहरे पर इसके संकेत मिल चुके हैं। सभी मैरिज गार्डन बुक हो चुके हैं। शहर में मैरिज गार्डन, कैटरिंग, टेंट की 2 महीने पहले ही बुकिंग हो चुकी है। सराफा व्यापारियों के मुताबिक सोने के दाम में तेजी के बावजूद शादियों के लिए दो महीने पहले से खरीदारी शुरू हो गई थी। नवरात्रि में इसमें और तेजी आई।





**यह कैसी व्यवस्था**– शो पीस बनकर रह गई लाखों की लागत से बनी नगर पालिका की लिफ्ट..। यहां दिव्यांग व वरिष्ठजनो को नगर पालिका में कार्य होने पर इस तरह से सीढ़ियो से उतरना– चढ़ना पड़ता है।



**करवा चौथ के लिए**– सुहाग की सलामती के लिए किए जाने वाले त्यौहार करवा चौथ के लिए बाजार में फुटपाथ पर दुकाने लगने लगी है। इधर दीपावली भी करीब है, जिसके लिए घरो के बाहर आंगन में बाजार में रंगोली के रंग की दुकानें सजने लगी है।



### वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने की कार्यवाही...

# कई जुआरी पकड़ाए, 29 हजार रुपए जप्त

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दलौदा में सट्टा और जुआ के कारोबार की खबरें आम हो चली है। विगत दिवस सोशल मीडिया पर जुआरियो का एक वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद दलौदा पुलिस की नींद खुली। घोड़ी दाना पर दांव लगाते हुए 13 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 29 हजार से ज्यादा नकदी बरामद की है।

पुलिस ने मामले में गयासुद्दीन पिता लालाबक्श मंसूरी निवासी पंचेवा थाना पिपलोदा जिला रतलाम, कन्हैया लाल पिता शिवलाल शर्मा निवासी बाबरेचा, अख्तर हुसैन पिता रहीम बक्श निवासी करीम कॉलोनी दलौदा, शालिगराम पिता नाथू मालवीय निवासी जोगी खेड़ा, मोहम्मद इशाक पिता नत्थे खां मेवाती निवासी बानीखेड़ी, नानालाल पिता शंकरलाल धाकड़ निवासी सिद्धि विनायक कॉलोनी दलौदा, राजा पिता नंदलाल नायक निवासी चुनाभट्टा दलौदा, सचिन पिता भेरुलाल नाथ निवासी दलौदा मगरा, ईश्वर पिता चैन सिंह राजपूत निवासी करीम कॉलोनी दलौदा, युसूफ पिता खाजू मंसूरी निवासी चिकलाना जिला रतलाम, जाहिद पिता शरीफ मेवाती निवासी बानीखेड़ी रोड दलौदा, मनोज पिता उमराव सिंह राजपूत निवासी चुनाभट्टा दलौदा, जब्बार निवासी चुनाभट्टा को गिरफ्तार कर जुआ एक्ट की धारा 13क के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## चार दिन के रिमांड पर प्रेमसुख

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भोपाल के बारगोदा में 1814 करोड़ के एमडी और कैमिकल के साथ एनसीबी और गुजरात एटीएस ने ड्रग्स फैक्टरी पकडी थी। उसमे मंदसौर के हरीश आंजना का नाम भी मुख्य आरोपी के रूप में सामने आया था। हरीश के साथी प्रेमसुख को एनसीबी भोपाल अपने साथ ले गई थी। शुक्रवार को एनसीबी ने प्रेमसुख को भोपाल न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे चार दिन की रिमांड पर सौंपा गया है। अब एनसीबी उसका उपचार भी करायेगी और चार दिन तक पूछताछ भी करेंगी। इधर पुलिस और एनसीबी के साथ ही अन्य एजेंसिया भी शोएब लाला, रब नवाज पठान, ओम पाटीदार हथुनिया सहित अन्य लोगो को तलाश रही हैं।

## अगले सप्ताह दस्तक देगी गुलाबी ठंड



**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो मौसम में बदलाव का दौर जारी है। रात में अब खुले आसमान के नीचे ठंडक का अहसास होना शुरू हो गया है तो दिन में तीखी धूप अब नहीं चुभती। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 अक्टूबर से गुलाबी ठंड दस्तक दे सकती है। शुक्रवार को मंदसौर में मौसम साफ रहा। न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शहर का न्यूनतम तापमान 21.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। एक दिन पहले यह 23 डिग्री पर था। वहीं दिन में तेज धूप होने से वातावरण गर्म है। जबकि, रात में ठंडक में बढ़ोतरी हो रही है।

मौसम जानकारो के अनुसार यह परिवर्तन मौसमी बदलाव का संकेत है, जिससे नागरिकों को दिन में गर्मी और रात में ठंडक का सामना करना पड़ रहा है। शहर का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर एक अवदाब का क्षेत्र बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए तमिलनाडु एवं आंध्र प्रदेश के तट के मध्य में पहुंचने की संभावना है। उत्तरी बांग्लादेश पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है।

# डोडाचूरा तस्कर को 12 साल का कठोर कारावास, एक लाख रूपये जुर्माना

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आरोपी महावीर पिता रामलाल वैष्णव उम्र 23 वर्ष निवासी काकरोलिया माफी थाना कोटडी जिला भीलवाड़ा राजस्थाान को डोडाचूरा तस्करी के अपराध में दोषी पाते हुए 12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 लाख रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। घटना के संबंध में उन्होंने बताया कि 31 मई 2020 को पुलिस थाना दलौदा में पदस्थ उपनिरीक्षक नितिन कुमावत को मुखबीर सूचना मिली की ट्रक क्रमांक जीए 06/ए जेड 1736 जिसके सामने बालाजी कोच लिखा है, नीमच से रतलाम की ओर जाने वाला है। उसमें खाद के कट्टे के नीचे अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा रखा है। यदि मंदसौर- रतलाम हाईवे रोड पर नाकेबंदी की जाये तो ट्रक को आरोपी सहित पकड़ा जा सकता है।



मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से मय फोर्स के टीम को तत्काल मुखबीर के बताये स्थान महू नीमच हाईवे रोड पर दलौदा रेल फंटे के यहां नाकेबंदी की गई। कुछ देर बाद मुखबीर के बताए अनुसार एक ट्रक आता दिखा। जिसके सामने बालाजी कोच लिखा था। ट्रक को फोर्स की मदद से रोका गया तथा ड्राईवर को नीचे उतारकर नाम पुछने पर उसने अपना नाम महावीर बताया।

ट्रक की तलाशी लेने पर खाद के कट्टे भरे हुए दिखे। खाद के कट्टो को हटाकर देखने पर उनके नीचे काले रंग के प्लास्टिक के कट्टे छिपे मिले, जिसे खोलकर देखा व चेक किया गया तो मादक पदार्थ डोडाचूरा होना पाया गया। उक्त मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। मादक पदार्थ का तौल किये जाने पर कुल वजन 20 कि वटंल होना पाया गया। मौके पर ही आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा बनाया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना दलौदा में अपराध धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट का कायम किया गया। प्रकरण की विवेचना एवं अनुसंधान कार्य पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्को सें सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# संभाग बनाओ आंदोलन में पारख समाज, भारत पेंशनर्स संघ, अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन और दशपुर इनरव्हील क्लब हुए शामिल

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत गांधी चौराहा पर मंदसौर नागरिक मंच के द्वारा चलाए जा रहे पोस्टकार्ड अभियान में आम जनता सामाजिक संगठनों और विभिन्न समाजों की इकाइयों का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है अभियान के 17 वें दिन पारख समाज, भारत पेंशनर्स समाज, अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन और दशपुर इनरव्हील क्लब के प्रतिनिधियों सहित अनेक नागरिक सम्मिलित हुए।




इस अवसर पर भारत पेंशनर्स समाज के अध्यक्ष श्री गोपाल कृष्ण शर्मा ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने का निर्णय न्यायोचित एवं तर्कसंगत है पूरा अधिकार बनता है मंदसौर को संभाग बनाने का मंदसौर नागरिक मंच ने जो यह आंदोलन शुरू किया है उसमें हम समस्त पेंशनर्स भी पूरा समर्थन करते हैं और माननीय मुख्यमंत्रीजी से मंदसौर को संभाग बनाने की मांग करते हैं। पेंशनर संघ के अध्यक्ष सतीश नागर ने कहा कि मंदसौर के विकास के लिए मंदसौर जिला मुख्यालय को संभाग का दर्जा देना चाहिए। चंद्र विनोद सेंगर ने कहा कि संभाग बनाओ आंदोलन को मंदसौर की जनता का अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है सरकार को जनता की भावना को ध्यान में रखते हुए और यहां के विकास के लिए मंदसौर को संभाल बनाने की घोषणा करना चाहिए डॉ. दिनेश तिवारी ने कहा कि मंदसौर की जनता के साथ शासन का यह न्याय पूर्ण निर्णय होगा की मंदसौर को संभाग बनाया जाए। सुनील व्यास ने कहा कि भविष्य में गरोठ और जावरा जिले बनते हैं तो मंदसौर ही संभाग मुख्यालय का उपयुक्त स्थल रहेगा। रूपनारायण जोशी ने कहा कि अविभाजित मंदसौर जिले का भौगोलिक स्वरूप ऐसा है कि मंदसौर ही संभाग के लिए उचित जिला है। पेंशनर्स समाज के कार्यकारी अध्यक्ष सर्वश्री अशोक शर्मा, कैलाश जोशी, दिलीप पारिख, रमेश चंद्र शर्मा, आर जी गुप्ता, नरेंद्र सिंह चौहान, अभय कुमार जैन, अंबालाल चंद्रावत कन्हैयालाल भावसार, जी के व्यास, रमेश पारगी, भूपेंद्र तिवारी, एस के जोशी कैलाश उपाध्याय, अनिल द्विवेदी, डी के आचार्य, दिनेश चंद्र पारीख, राजेंद्र सिंह चौहान, रतन सिंह राठौड़ दिलीप कुमार काले आदि अभियान में सम्मिलित हुए। पोस्टकार्ड अभियान के सत्रहवें दिन शामिल श्री विशा नागर वणिक पारख समाज के अध्यक्ष महेश चंद्र पारख ने कहा कि मंदसौर क्षेत्र की प्रगति के लिए मंदसौर जिला मुख्यालय को संभाग बनाया जाना आवश्यक है सरकार हमारी मांग पर अवश्य विचार करें। मुझे प्रबोध पारख ने कहा कि मंदसौर और नीमच जिलों का भौगोलिक विस्तार इतना अधिक है की उज्जैन संभाग मुख्यालय की दूरी कई तरह के व्यावहारिक कठिनाइयां उत्पन्न करती है मंदसौर संभाग बनता है तो पूरे क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा। पारख समाज के सचिव गिरीश पारख कोषाध्यक्ष अशोक मनिहार उपाध्यक्ष गोविंद भाई पारख तथा जितेंद्र पारख नटवर भाई, दिलीप, श्याम सुंदर पारख जितेंद्र दिनेश पारख राजकुमार नागर अशोक पारख संजय गोठी संजय पारख आदि भी उपस्थित थे।

इसी दिन अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन के भी प्रतिनिधि गण शामिल हुए संगठन के वरिष्ठ मार्गदर्शक जगदीश भावसार ने कहा कि मंदसौर को संभाल बनाने की नागरिकों की मांग पर सरकार को पूरी गंभीरता से विचार कर इस पर अमल करना चाहिए। शेर मोहम्मद खान ने कहा कि विद्यार्थियों के माध्यम से हम अभिभावकों से भी मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखवा कर मंदसौर को संभाग बनाने की मांग करवाएंगे। अशासकीय शिक्षण संस्था संगठन के भानु प्रताप सिंह, रूपेश पारख, हिम्मत डांगी, अनुपम माली, मीनल नागर, मधु कड़ावत, मधु जैन, विपिन चपरोत, शैलेंद्र नागर हाजरा मेंबर साव, सज्जन सिंह परिहार रमेश सेठिया आदि भी सम्मिलित हुए। दशपुर इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष मेघा पोरवाल ने कहा कि मंदसौर के नागरिकों के साथ संभाग बनाने की इस आंदोलन में हमारी संस्था भी पूरी तरह से समर्थन करते हुए सहभागी हैं। मंदसौर को संभाग बनाना ही चाहिए। क्लब की सुरक्षा चौधरी राखी पोरवाल प्रीति रत्नावत, रीना पोरवाल, शिवानी पोरवाल आदि भी अभियान में शामिल हुई। पोस्टकार्ड अभियान में विश्व हेतु परिषद के जिला महामंत्री हेमंत बुलचंदानी ने कहा कि जनसंख्या बढ़ती है तो सुविधाओं का भी विस्तार होना चाहिए अभी संभागीय कार्य के लिए हमें उज्जैन जाना पड़ता है मंदसौर संभाग बनेगा तो यहीं कई सुविधाएं उपलब्ध हो जाएगी। वरिष्ठ समाज सेवी श्री प्रहलाद काबरा ने भी पोस्ट कार्ड अभियान में शामिल हो कर आमजनों से सहयोग का आह्वान किया। पोस्टकार्ड अभियान स्थल पर प्रतिदिन अजीजुल्ला खान खालिद, राजाराम तंवर, बंसीलाल टॉक, और राधेश्याम मालवीय और श्रीमती सीमा चोरडिया अपनी नियमित सेवाएं दे रहे हैं। मंदसौर नागरिक मंच कोर ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य श्री गुरु चरण बग्गा समन्वयक द्वय नरेंद्र अग्रवाल ब्रजेश जोशी तथा उमेश पारख पोस्टकार्ड अभियान स्थल पर उपस्थित रहे। 18वें दिन शनिवार को हूमड़ समाज मित्र मंडल सहभागी होंगे। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी ने दी है।



# नप मनासा को फटका मशीन एवं प्लास्टिक ब्लीचिंग मशीन प्राप्त

**मनासा, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मनासा में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती डॉ. सीमा अजय तिवारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री रितेश कुमार पाटीदार, उपाध्यक्ष श्री किशोर जोलान्या के निर्देशन में निकाय ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा सेग्रीगेशन के लिए फटका मशीन एवं प्लास्टिक ब्लीचिंग मशीन प्राप्त हो गई है। इससे पूर्व ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के पुन: चक्रण हेतु गीले कचरे से जैविक खाद निर्मित के लिए कंपोस्टिंग मशीन अथवा सूखा कचरा प्लास्टिक पुन: चक्रण प्रक्रिया के लिए प्लास्टिक श्रेडर मशीन प्राप्त हुई थी। मशीने लगने से कचरे को पुन: चक्रण करने में बड़ी आसानी होगी। नगर परिषद मनासा में स्वच्छ भारत मिशन को बढ़ावा देने के लिए मिली यह नई सौगात महत्वपूर्ण है। शुक्रवार को प्राप्त हुई फटका मशीन एवं प्लास्टिक ब्लीचिंग मशीन को ट्रेंचिंग ग्राउंड पर क्रेन की सहायता से उतारा गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री रितेश कुमार पाटीदार ने भी ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंच मशीनों का निरीक्षण किया। प्लास्टिक ब्लीचिंग मशीन करीब 20 क्विंटल वजनी है। जिसे स्वच्छता नोडल श्री लोकेंद्र साधु, स्वच्छता दरोगा श्री दिनेश राठौर, की उपस्थिति में क्रेन बुलाकर उतारा गया। नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सीमा अजय तिवारी ने कहा, उक्त मशीनों के लिए प्लेट फार्म का निर्माण कर जल्द शुभारंभ किया जाएगा। जिससे नगर से प्राप्त कचरे का पुन: चक्रण किया जा सकें।

**सफाई मित्रों के लिए बनाई हाथ ठेला कचरा गाडियां–** नगर परिषद मनासा ने सफाई मित्रों के लिए हाथ ठेला वाली कचरा गाडिया भी बनाई है। जो शुक्रवार को परिषद को प्राप्त हुई। उक्त गाड़ियों को सफाई मित्रों को वितरित किया जाएगा। स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर श्री अजय तिवारी ने कचरा गाडियों का निरीक्षण कर स्वच्छता नोडल श्री लोकेंद्र साधु को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा, सफाई व्यवस्था के लिए परिषद के पास संपूर्ण संसाधन उपलब्ध होना चाहिए। सफाई मित्रों की मांग पर नवीन हाथ ठेला कचरा गाडियां बनाई गई है। समय समय पर स्वच्छता मित्रों से संवाद कर उनकी बात सुनी जाती है और आवश्यक कीट और अन्य सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है।

## आईटीआई नीमच में विशिष्ट प्लेसमेंट ड्राईव 21 को

**नीमच, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय आईटीआई नीमच (डुंगलावदा) में 21 अक्टूबर 2024 को समय प्रात: 10 बजे से दोपहर एक बजे तक एम.आर.एफ.टायर गुजरात द्वारा प्लेसमेंट ड्राईव आयोजित किया जा रहा है। इसमें डिप्लोमा और इंजीनियरिंग, ग्रेजुएट (बी.ई. एण्ड बीटेक) आर्टस, कामर्स एण्डं साइंस ग्रेजुएट (बी.ए, बी.कॉम एण्ड बी.एस.सी.), 10वी, 12वी, आईटीआई सभी ट्रेड उत्तीर्ण, आयु सीमा:- 18 से 25 वर्ष तक के पुरुष और फ्रेशर को प्राथमिकता दी जाएगी। उम्मीसदवार का वजन:- 50 किलो और उंचाई 5 फिट 3 इंच होना अनिवार्य है। इस प्लेसमेंट ड्राईव में केवल पुरुष भाग ले सकते है। अभ्य र्थी अपने साथ एक अद्यतन बायोडाटा की प्रति, 2 पासपोर्ट आकार के फोटो, सभी शैक्षणिक दस्तावेज, पैनकार्ड, आधार कार्ड, टीकाकरण प्रमाण पत्र (यदि उपलब्ध हो) लेकर प्लेसमेंट में भाग ले सकते हैं।



## जागेश्वर महादेव मंदिर में मनाया शरद पूर्णिमा महोत्सव

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के सबसे प्राचीनतम नीम चौक स्थित चमत्कारी शिवालय श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में शरद पूर्णिमा के अवसर पर शरदोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। मध्य रात्रि 12 बजे महाआरती होने से पूर्व मातृ शक्ति द्वारा गरबा रास का आयोजन हुआ जिसमें बड़ी संख्या में माता बहनों बच्चियों ने भगवान कृष्ण के रास के भजनों गीतों पर गरबा रास का बहुत सुंदर आकर्षक प्रदर्शन किया तत्पश्चात मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती हुई और उसके पश्चात अमृत प्रसाद खीर का प्रदाय किया गया। योग गुरु बंसीलाल टांक, संजय सोनी, जय प्रकाश सोनी, दिनेश सोनी, सुरेश सोनी, अजय रुनवाल, पुजारी भगवती गिरी आदि उपस्थित रहे।

# चारधाम 12 ज्योतिर्लिंग भारत यात्रा मोटरसाइकिल से पूर्ण कर पोरवाल दंपत्ति सकुशल मंदसौर पहुंचे

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर निवासी जगदीश पोरवाल अपनी पत्नी डॉलर पोरवाल के साथ मोटरसाइकिल से चार धाम एवं 12 ज्योतिर्लिंग भारत यात्रा पूर्ण करके गुरुवार को सकुशल मंदसौर पहुंच गए हैं। यह यात्रा देश के 16 राज्यों से होकर गुजरी एवं 70 शहरों में गए। पावागढ़ से प्रारंभ होकर यह यात्रा डाकोर जी, चोटिला, जूनागढ़, सोमनाथ, द्वारका जी, अंबाजी, नाथद्वारा, चारभुजा जी, ओम बन्ना, पुष्कर जी, खाटू श्याम, मेहंदीपुर बालाजी, रणथंबोर, आँवल खेड़ा, मथुरा, सोरम जी, शुक्रताल, हरिद्वार, मसूरी, यमुनोत्री, गंगोत्री,



उत्तरकाशी, गोपेश्वर, केदारनाथ, त्रियुगी नारायण, तुंगनाथ, बद्रीनाथ, जोशीमठ, रानीखेत, कैंची धाम, नैमिषारण्य, चित्रकूट, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, गोरखपुर, कुशीनगर, सीतामढ़ी, देवघर, कोलकाता, गंगासागर, कोणार्क, जगन्नाथ पुरी, भुवनेश्वर, विशाखापट्टनम, अन्नावरम, श्रीसेलम, तिरुपति बालाजी, श्रीपुरम, कांचीपुरम, तिरुचिरापल्ली, मदुरई, रामेश्वरम, कन्याकुमारी, त्रिवेंद्रम, गुरुवायुर, पुडुचेरी, उटी, मैसूर, श्रीरंगपट्टनम, हंपी, पंढरपुर, त्रयंबकेश्वर, शनि शिंगणापुर, भीमाशंकर एलोरा, सेंधवा, महेश्वर, ओंकारेश्वर, उज्जैन होते हुए मंदसौर पहुंची. श्री पोरवाल ने बताया की उन्होंने 56 दिनों में 15000 किलोमीटर कि यह यात्रा मोटर सायकल से पूर्ण की है इस दौरान सभी जगह पक्षी बचाओ आंदोलन के पर्चे वितरित किए एवं लोगों से अपने घरों में पक्षियों के लिए जल पात्र लगाने का निवेदन किया। मंदसौर पहुंचने पर पोरवाल दंपति का समाज जनों एवं मित्रों ने बैंड बाजे के साथ जोरदार स्वागत किया एवं ऐतिहासिक मोटरसाय कल भारत यात्रा सकुशल पूर्ण करने पर बधाई दी।

# मां विंध्याचल की स्थापना की

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुरबिया मोची जैसवार समाज द्वारा मां नालछा माता ग्रिड रोड पर माँ विंध्याचल मंदिर पर मां विंध्याचल, कालका माता व भेरुजी की प्रतिमा की पं. दुर्गा प्रसाद शर्मा द्वारा विधिवत स्थापना की गई। साथ ही समाज बंधुओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई।

यह कार्यक्रम समाज के वरिष्ठ पूर्व चौधरी के पुत्र भागीरथ उर्फ पप्पू फूलचंद द्वारा कराया गया। जिसमें समाज के वरिष्ठ पूर्व चौधरी पृथ्वीराज, वर्तमान चौधरी व अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण उर्फ लल्लू, कोषाध्यक्ष अमृत जैसवार, सचिव व सिक्केदार सुरेश जैसवार, प्रचार मंत्री चुन्नीलाल, वरिष्ठ समाज बंधु चांदमल हरिशंकर, सहयोगी बाबा प्रदीप, दिलीप, तेज करण, सुरेश, अभिनंदन, राजाराम, बबलू, रोशन, सोनू, पवन, प्रदीप शेरू, भारत, लखन, मनोज, मितेश, शुभम, रौनक, मयूर, वंश गुरु (गोटू), प्रभात, लव, वियांश (बाबू), लक्ष्य (लड्डू), नकुल, अरुण, आदित्य, भानु, दक्ष आदि महिला बाल बच्चों द्वारा नृत्य ढोल धमाके के साथ पुरबिया जैसवार मोची समाज का यह धार्मिक आयोजन कार्य संपन्न हुआ। उक्त जानकारी सुरेश जैसवार ने दी।

## शरद पूर्णिमा महोत्सव मनाया

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय स्टेशन रोड पर उधम सिंह चौराहा स्थित चमत्कारी इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर शरद पूर्णिमा महोत्सव बहुत धूमधाम से आनंद उल्लास उत्साह के साथ मनाया गया। पुजारी शुभम शर्मा द्वारा बालाजी का आकर्षक श्रृंगार किया गया मध्य रात्रि 12 बजे महा आरती हुई और खीर प्रसाद बांटा गया। बड़ी संख्या में देर रात्रि तक भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## एसडीएम सप्ताह में एक दिन सिंगोली और रामपुरा में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करेंगे

**नीमच, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने एक आदेश जारी कर एस.डी.एम. मनासा एवं जावद को सप्ताह में एक दिन निर्धारित कर तहसील रामपुरा एवं सिंगोली में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई करने के आदेश जारी किये है। यह आदेश तत्कांल प्रभावशील होगा।

इसी तरह उपखंड एवं तहसील कार्यालय के साथ ही अब प्रत्येक मंगलवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर एक बजे तक ग्राम पंचायत स्तर पर भी जनसुनवाई की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर ने सभी पटवारियों, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, महिला बाल विकास की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी, कृषि विस्तार अधिकारी एवं विद्युत विभाग के लाईन परिचारक को निर्देशित किया है, कि वे मंगलवार को ग्राम पंचायतों में आयोजित जनसुनवाई में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे और ग्रामीणों की समस्याओं, प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करे।

## पिता-पुत्र पर मारपीट का केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जमीन विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। सरवानिया निवासी गजेन्द्र उर्फ गजराज पिता जीवनसिंह चन्द्रावत ने बूढा चोकी पर शिकायत दर्ज कराई कि जमीन विवाद को लेकर काका विरमसिंह चन्द्रावत व रामसिंह पिता वीरमसिंह ने गाली-गलौज की व पत्थर फेंके, जिससे चोंट आई। पुलिस आरोपियों पर केस दर्ज किया।

# शरद पूर्णिमा महोत्सव पर भव्य श्याम संकीर्तन सम्पन्न

## श्याम प्रेमी देर रात तक सुनते रहे कीर्तन, सजा बाबा श्याम का दरबार, इत्र की हुई वर्षा

**दलौदा, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व के अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल दलोदा द्वारा 18 वा श्री संकीर्तन का आयोजन पाटीदार धर्मशाला दलोदा मे हुआ श्याम संकीर्तन में बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया ओर श्याम संकीर्तन का आयोजन हुआ श्याम संकीर्तन की शुरुवात भगवान गणपती जी महाराज के भजन से की गई भजन गायको द्वारा अपनी सुमधुर वाणी से श्री हरमेन्द्र पाल सिंह रोमी जी खलीलाबाद उत्तरप्रदेश द्वारा बाबा श्याम को खूब रिझाया भाव भरे भजन सुनाए और नानी बाई का मायरा सुनाया।





मनासा से आई सुश्री कनिका ग्रोवर ने भी बाब श्याम के भजन से खूब रिझाया और एक से एक सुमधुर भजन श्याम प्रेमियों को खूब भजन सुनाये पाटीदार धर्मशला मे आयोजित श्याम कीर्तन मे विष्णु परिहार मंदसौर ने भी खूब भजन सुनाये श्याम बाबा श्याम बाबा.... तेरे पास आया हु चरणों मे तेरे अरदास लाया हु, वीर हनुमाना राम नाम रसिया प्रभु मन बसियो रे.... जिन पर श्याम प्रेमियों द्वारा भगवान को रिझाया ओर बाबा के दरबार मे हाजरी लगाई श्याम कीर्तन मे नगर एवं आसपास क्षेत्र के हजारों श्याम प्रेमियों द्वारा बाबा श्याम की ज्योत ली ओर बाबा के दर्शन किए श्याम स्कीर्तन देर रात्रि तक चला बाद मे बाबा की आरती की गई श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा बाबा श्याम का शानदार दरबार लगाया था रात्री 1 बजे बाद प्रसादी खीर का वितरण किया गया इस अवसर पर श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष मुकेश पाटीदार ने सभी गायकों का दुप्पटा पहनाकर एवम भगवान पशुपति नाथ महादेव का चित्र देकर सम्मान किया साथ ही मीडिया प्रभारी हेमंत धनोतिया ने श्री श्याम मित्र के बीते एक वर्ष में हुए कार्य की जानकारी दी साथ ही 18 वर्ष में किए कार्यो को बताया इस अवसर पर मंडल के श्री बलराम पाटीदार, कंवर लाल राठौड़, राजेश राजोरा प्रजापत, हरीश सेठिया, रमेश साहू, अमित सोनी, प्रहलाद चौधरी, चंद्रशेखर चौधरी, बंटी शर्मा, गोपाल दुबे, नितिन गुप्ता, नागेश पालीवाल, गोपाल कुमावत, गोपाल मोंगिया, राकेश सिंह केलवा, सुनील जोशी, नटवर लाल गुगर, जयपाल सिंह, राजू भाई पाटीदार, महेश पाटीदार, राजेश खटोड, कालू भाई सिंधी, मनोहर लाल खारीवाल, जितेंद्र कामराज, श्याम पंवार सहित नगर के गणमान्य नागरिक, धर्मप्रेमी जनता उपस्थित थे।



## कलेक्टर एवं डीएफओ ने किया वन राजस्व भूमि का संयुक्त निरीक्षण

**नीमच, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा एवं वनमण्डालाधिकारी श्री एस.के.अटोदे ने शुक्रवार को नीमच जिले की जावद तहसील के ग्राम जनकपुर एवं मोरवन में एम.पी.आई.डी.सी. को उद्योगों के लिए आवंटित की गई भूमि का मौका मुआयना किया।

कलेक्टर ने ग्राम जनकपुर में सनलाईट अल्को लाईड उद्योग द्वारा स्थापित किए जा रहे उद्योग निर्माण कार्य का अवलोकन भी किया। उन्होंने मोरवन में रैयान टैक्सटाईल उद्योग के लिए आवंटित 50 हेक्टेयर भूमि का भी मौके पर अवलोकन किया। कलेक्टर एवं डी.एफ.ओ. ने वन राजस्व भूमि के नक्शों, खसरों का अवलोकन किया और मौके पर वन एवं राजस्व विभाग की भूमि की जानकारी ली तथा वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस मौके पर जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अरविंद डामोर, एस.डी.एम.श्री राजेश शाह, एस.डी.ओ.(वन) श्री दशरथ अखण्ड, तहसीलदार श्री सलोनी पटवा, रेंजर श्री विपुल प्रभात करोरिया सहित वन एवं राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 573 | 1950 | 2542 |
| उडद | 187 | 6000 | 7092 |
| सोयाबीन | 6100 | 3750 | 4720 |
| गैहु | 3838 | 2650 | 3236 |
| चना | 150 | 6260 | 6950 |
| मसुर | 105 | 5400 | 7092 |
| धनिया | 425 | 5151 | 7501 |
| लहसुन | 11050 | 12500 | 30500 |
| मैथी | 980 | 4910 | 6044 |
| मुंगफली | 6250 | 3460 | 5252 |
| अलसी | 1880 | 5301 | 6100 |
| सरसो | 291 | 5225 | 5884 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 70 | 8450 | 12050 |
| प्याज | 2100 | 1400 | 4212 |
| कलोंजी | 21 | 14000 | 18664 |
| तुलसी बीज | 11 | 13052 | 20999 |
| डॉलर | 44 | 7250 | 12950 |
| तिल्ली | 31 | 10001 | 11620 |
| जौ | 17 | 2300 | 2520 |
| मटरसुखी | 2 | 5701 | 5701 |
| असालीया | 7 | 11271 | 13372 |
| मूंग | 0000 | 0000 | 0000 |

## कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामंडी जिला मंदसौर मप्र

क्रमांक 1329/राजस्व/2024 पिपलियामंडी दिनांक- 15.10.2024

### नामांतरण विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भवन/भूमि पर हक अंतरण हेतु निम्नाकित व्यक्तियो ने नगर पालिका अधिनियम की धारा 150 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

अतः आवेदको के प्रस्तुत आवेदन के परिक्रम में हक अंतरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित में कार्यालय नगर परिषद् पिपलियामंडी में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। समय तिथि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही की जायेगी।

| क्रं. | वार्ड क्रं. | प्रकरण क्रं. | मोहल्ले का नाम | नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुतकर्ता आवेदक का नाम | विक्रेता/मृतक का नाम | परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 15 | 122/2024 | महात्मा गांधी मार्ग | मंजुबाई पति कैलाशचन्द्र लक्ष्कार | हीरालाल पिता रामचन्द्र शर्मा | विक्रयपत्र आधार |
| 2 | 4 | 123/2024 | बायपास मार्ग (श्री बालाजी नगर) | विजयलक्ष्मी पति अनिल कुमार जैन | किशोर पिता रमेशचन्द्र माली | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 3 | 3 | 124/2024 | महू.नीमच मार्ग | ललिता पति गणेश राठौर | नेहा पति अनुप सोनी | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 4 | 4 | 125/2024 | पिपलियापंथ मार्ग गली नं 01 | मुकेश व श्यामलाल पिता रामलाल परमार | नर्मदाबाई पति प्रकाशचन्द्र गुर्जर | विक्रयपत्र आधार |
| 5 | 4 | 126/2024 | पिपलियापंथ मार्ग गली नं 01 | मुकेश व श्यामलाल पिता रामलाल परमार | पुनमचंद पिता शंकरलाल पाटीदार | विक्रयपत्र आधार |
| 6 | 5 | 127/2024 | महात्मा गांधी मार्ग | संजय कुमार पिता रामप्रसाद धनोतिया | मुकेश पिता रामनारायण माली | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 7 | 4 | 128/2024 | बायपास मार्ग (श्री बालाजी नगर) | मन्नालाल पिता हीरालाल माली | किशोर पिता रमेशचन्द्र माली | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 8 | 14 | 129/2024 | महावीर गंज गली नं. 03 | अंजना पति देवराज सांवरिया | कलाबाई पति शंकरलाल सांवरिया | विक्रयपत्र आधार |
| 9 | 5 | 130/2024 | महात्मा गांधी मार्ग | अंकित पिता रमेश उणियारा | ओंकारलाल पिता दल्ला माली | रजिस्टर्ड दानपत्र आधार |
| 10 | 2 | 131/2024 | फाटक मोहल्ला | वल्लभ बाई पति भोपालसिंह गेहलोद | रेखाबाई पति हनुमान प्रसाद | विक्रयपत्र आधार |
| 11 | 5 | 132/2024 | महात्मा गांधी मार्ग गली नं. 01 | विनय पिता बलराम फरक्या | राधेश्याम पिता सत्यनारायण पोरवाल | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 12 | 5 | 133/2024 | महात्मा गांधी मार्ग | श्यामलाल पिता अमरचन्द माली | अमरचन्द पिता प्यारचन्द माली | रजिस्टर्ड दानपत्र आधार |
| 13 | 13 | 134/2024 | महावीर गंज गली नं. 02 | दीपक कुमार पिता दिनेश कुमार पंजवानी | आसिफ अली पिता अकबर अली नागोरी | विक्रयपत्र आधार |
| 14 | 4 | 135/2024 | बायपास मार्ग (श्री बालाजी नगर) | निलेश पिता रमेशचन्द्र माहेश्वरी | किशोर पिता रमेशचन्द्र माली | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 15 | 4 | 136/2024 | बायपास मार्ग | रचित पिता मनोहर काबरा ना.बा. सरपरस्त मनोहर काबरा | रमेशचन्द्र पिता कन्हैयालाल माहेश्वरी | रजिस्टर्ड दानपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 16 | 4 | 137/2024 | बायपास मार्ग | रचित पिता मनोहर काबरा ना.बा. सरपरस्त मनोहर काबरा | लक्ष्मणसिंह पिता दुलेसिंह चौहान | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 17 | 6 | 138/2024 | सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग | सुरेश पिता शिवलाल सोलंकी | शिवलाल पिता नारायण सोलंकी | रजिस्टर्ड दानपत्र आधार |
| 18 | 5 | 139/2024 | बायपास मार्ग (श्री सांई विहार कॉलोनी) | रानु पति कविन्द्र जैन | भीमसेन पिता भुरालाल डाबी व अन्य | विक्रयपत्र आधार |
| 19 | 5 | 140/2024 | बायपास मार्ग (श्री सांई विहार कॉलोनी) | विधि पति जेकी होतवानी | भीमसेन पिता भुरालाल डाबी व अन्य | विक्रयपत्र आधार |
| 20 | 5 | 141/2024 | बायपास मार्ग (श्री सांई विहार कॉलोनी) | नुपुर पति राजेश होतवानी | भीमसेन पिता भुरालाल डाबी व अन्य | विक्रयपत्र आधार |
| 21 | 7 | 142/2024 | टिलाखेड़ा गली नं. 04 | लक्ष्मी पति विरेन्द्र सोनी | संतोष कुमार पिता भागीरथ माली | विक्रयपत्र आधार |
| 22 | 2 | 143/2024 | फाटक मोहल्ला गली नं. 02 | शम्भुदयाल पिता ओंकारलाल अग्रवाल | शिवनारायण पिता नागुलाल पोरवाल | विक्रयपत्र, राजस्व नामा. व व्यपवर्तन आदेश आधार |
| 23 | 5 | 144/2024 | बायपास मार्ग (श्री सांई विहार कॉलोनी) | दीपा पति नारायणदास होतवानी | भीमसेन पिता भुरालाल डाबी व अन्य | विक्रयपत्र आधार |
| 24 | 5 | 145/2024 | बायपास मार्ग (श्री सांई विहार कॉलोनी) | दीपा पति नारायणदास होतवानी | भीमसेन पिता भुरालाल डाबी व अन्य | विक्रयपत्र आधार |
| 25 | 5 | 146/2024 | महात्मा गांधी मार्ग | भगतराम पिता मोहनलाल गायरी व अन्य | कन्हैयालाल मोहनलाल पिता रामचन्द्र गायरी व अन्य | मृत्यु प्रमाणपत्र, शपथपत्र व वंशानुक्रम आधार |

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रवीण सेन<br>मुख्य नगरपालिका अधिकारी<br>नगर परिषद पिपलियामंडी | सुनील साहू<br>राजस्व प्रभारी<br>नगर परिषद पिपलियामंडी | श्रीमती वंदना कमल तिवारी<br>सभापति, राजस्व समिति<br>नगर परिषद पिपलियामंडी | श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया<br>अध्यक्ष<br>नगर परिषद पिपलियामंडी |

## राष्ट्र व सनातन जागरण पर परिचर्चा कल

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद का संयुक्त आयोजन 'आत्मबोध' में 'गुलामी मानसिकता ही हमारी दुश्मन' पर परिचर्चा का आयोजन दिनांक 20 अक्टूबर 2024, रविवार को प्रात: ठीक 11 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर में रखी गई है।

## मुख्यमंत्री ने बेटी निकिता को दी बधाई

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन की बेटी निकिता पोरवाल को 'फेमिना मिस इंडिया-2024' का खिताब जीतने पर बधाई देते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा है कि बेटी निकिता 'मिस वर्ल्ड पेजेंट' में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश का मान बढ़ाएं यही कामना है।

## 4.50 करोड़ की लागत से बनेंगे शहर के दो सीसी मार्ग

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर अंतर्गत 4.50 करोड़ की लागत से दो प्रमुख मार्गों का सीसी रोड के रूप मे निर्माण कार्य होगा क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन द्वारा बताया गया कि मंदसौर में ओल्ड कलेक्टर किला रोड मार्ग और मुख्य मार्ग से भगवान पशुपतिनाथ पहुंच मार्ग सीसी रोड के रूप मे विकसित किए जाएंगे निर्माण कार्य स्वीकृत होकर टेंडर प्रक्रियाधीन है शीघ्र ही यह कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा शुरू किये जायेंगे उक्त मार्ग की स्वीकृति पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक विपिन जैन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया है इस निर्माण के उपरांत निश्चित ही यातायात सुलभ होगा और नागरिकों को आवागमन में काफी सहायता प्राप्त होगी।



# मारपीट करने वाले आरोपियों को 3-3 वर्ष सश्रम कारावास व जुर्माना



**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अपर सत्र न्या-याधीश महोदय, श्रृंखला न्यायालय, सीतामऊ द्वारा आरोपीगण 1- राजू पिता यादूराम माली उम्र 37 वर्ष, 2- गोविंद पिता यादूराम माली उम्र 26 वर्ष, 3- दशरथ पिता यादूराम माली उम्र 31 वर्ष तीनों निवासीगण किशोरपुरा जिला-मंदसौर को मारपीट करने के अपराध में दोषी पाते हुए 3-3 वर्ष का सश्रम कारावासएवं अर्थदण्ड से दण्डित किया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 20.09.2020 को फरियादी योगेश के घर पर उसकी दादी के श्राद्ध का कार्यक्रम था तथा परिवार के सभी लोग घर पर ही थे। शाम के करीब 04.30 बजे आरोपीगण उसके घर के सामने हाथ में लकड़ी लेकर जोर जोर से चिल्लाकर बोले की उसने उनकी समाज में बदनामी क्यों कि वह शराब पीते हैं तो फरियादी योगेश ने कहा कि उसने समाज में कुछ नहीं कहा है। इसी बात को लेकर आरोपीगण योगेश को मां बहन की नंगी-नंगी गालियां देने लगे। योगेश के पिता राधेश्याम ने आरोपीगण को समझाने की कोशिश की तो आरोपी राजू ने योगेश के पिता राधेश्याम को लकड़ी से सिर पर मारा जिससे उन्हें चोट आयी एवं खून निकलने लगा एवं वह जमीन पर गिर गये जिन्हें योगेश पकड़ने लगा तो दशरथ एवं गोविंद ने उसे लकड़ी से मारा जिससे उसे चोट आयी। चिल्ला चोट कीआवाज सुनकर उसकी मां मुन्नी बाई, पत्नी रमकु बाई आदि ने बीच बचाव किया तो अभियुक्तगण जाते जाते जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर से आरोपीगण के विरूद्ध थाना सुवासरा पर अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं अनुसंधान की कार्यवाही पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों से सहमत होकर माननीय न्यापयालय द्वारा आरोपीगण को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री एस. आर. गरवाल द्वारा किया गया।

## जनसुनवाई में प्राप्त आवेदन पर प्रशासन ने की कार्यवाही



**नीमच, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के मार्गदर्शन में प्रशासन द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गत मंगलवार को जनसुनवाई में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी आवास निगम कॉलोनी कनावटी के रहवासियों ने कॉलोनी के मुख्य् मार्ग 40 फीट सड़क पर आस-पास के रहवासियों द्वारा झोपड़ी, बाड़ा बनाकर, पशु बांधकर, रोड़ी डालकर, ट्रक आदि का स्क्रॅाप डालकर अतिक्रमण की शिकायत की गई थी। जनसुनवाई में प्राप्त उक्त शिकायत की तहसीलदार नीमच नगर श्री संजय मालवीय द्वारा की गई जांच में शिकायत सही पाए जाने पर शुक्रवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ तहसीलदार श्री संजय मालवीय ने मौके पर पहुंचकर ग्राम पंचायत की जेसीबी के सहयोग से अतिक्रमण को पूरी तरह से हटा दिया गया है। उन्होंने अतिक्रामको को निर्देशित किया है, कि वे भविष्यम में इस मुख्यमार्ग पर अतिक्रमण न करे।

## गरोठ में मानव जीवन प्रबंधन शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** गरोठ सहायक जेल अधीक्षक डा.अंशुल गर्ग ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवारद्वारा पॉच दिवसीय मानव जीवन प्रबंधन शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरानजनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रणजीतसिंह चौहान, अनुविभागीय अधिकारी गरोठ श्री चंदरसिंह सोलंकी, जिला संयोजक पं. श्री मोहनलाल जोशी गायत्री परिवार से श्री कालूराम राठौर, श्री नारायण दारिया, श्री रघुनाथ प्रजापति, श्री देवीप्रसाद शर्मा, श्री प्रखर शर्मा, श्री राजेन्द्रर लोहार, श्री मानसिंह राजौदियाउपस्थित थे।

# एमपी में बड़ा प्लान, 6 हजार करोड़ में बनेगा भव्य शहर, 3 साल में होगा तैयार

**उज्जैन, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश में देश का सबसे बड़ा आयोजन होने जा रहा है। 3 साल बाद होनेवाले इस आयोजन के लिए राज्य सरकार अभी से तैयारियों में जुट गई है। प्रदेश में सन 2028 में सिंहस्थ आयोजित किया जाएगा। सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन णक्षक्षरळ ड्ळाहरीींहर 2028 में तैयारियों पर अरबों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, शहर को संवारा जा रहा है। इसके लिए बड़ा प्लान बनाया गया है। उज्जैन को भव्य शहर का लुक देने और यहां आनेवाले हर तीर्थयात्री को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए करीब 6 हजार करोड़ रुपए की योजना तैयार की गई है।

सिंहस्थ 2028 उज्जैन सिंहस्थस 2028 के लिए उज्जैन शहर को भव्य और सर्वसुविधायुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार ने 5882 करोड़ रुपए की लागत के डेढ़ दर्जन से ज्यादा प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में बनी मंत्री-मंडलीय समिति द्वारा यह मंजूरी दी गई। सिंहस्थ 2028 को राज्य सरकार प्रदेश की ब्रांडिंग के सबसे बड़े मौके के रूप में देख रही है। सिंहस्थ में देश-दुनिया से करीब 14 करोड़ लोगों के आने का अनुमान जताया जा रहा है। ये तीर्थयात्री, मध्यप्रदेश की उन्नत राज्य की छवि लेकर लौटें, इसके लिए पूरा फोकस उज्जैन को सजाने-संवारने पर किया जा रहा है। इसे भव्य आधुनिक शहर के रूप में बदला जा रहा है।

**3 साल में होगा तैयार**–उज्जैन को 3 साल के अंदर नए लकदक शहर के रूप में तैयार किया जाएगा। इसके लिए अनेक अहम निर्माण कराए जाएंगे, शहर की जल निकासी बेहतर बनाई जाएगी। सड़क और पुल से लेकर क्षिप्रा के घाट और बांध तक बनाया जाएगा। 198 करोड़ रुपए में उज्जैन का सीवरेज सिस्टम नया किया जाएगा। 250 करोड़ रुपए उच्च दाब परियोजनाओं पर खर्च किए जाएंगे। नया ईएचवी उपकेंद्र बनाया जाएगा। उच्च दबाव स्टेशन की क्षमता में बढ़ोतरी के अलावा



33/11 केवी केंद्र की स्थापना की जाएगी। 778 करोड़ रुपयों में 29.21 किमी लंबे घाट बनेंगे, 1,024 करोड़ में कान्ह नदी का डायवर्जन किया जाएगा, 614 करोड़ रुपए में क्षिप्रा में सिलारखेडी-सेवरखेड़ी बांध बनाया जाएगा। 74 करोड़ में क्षिप्रा पर 14 बैराज बनेंगे। सिद्धवरकूट से कैलाश खोह तक 40 करोड़ का सस्पेंशन ब्रिज बनेगा। शंकराचार्य चौराहा से दत्त अखाड़ा तक 18 करोड़ में नई सड़क बनेगी। खाक चौक से रंजीत हनुमान तक 18 करोड़ में सड़क के साथ पुल का निर्माण होगा। 1692 करोड़ रुपए में इंदौर-उज्जैन 4 लेन रोड को 6 लेन में बदला जाएगा। 950 करोड़ रुपए में ग्रीनफील्ड 4 लेन परियोजना आकार लेगी।

**महाकाल लोक में भी बदलाव**–महाकाल लोक कॉरिडोर में भी बदलाव होगा। 75 करोड़ रुपए में फाइबर की मूर्तियों के स्थान पर पत्थर की मूर्तियां लगाई जाएंगी। कुंभ संग्रहालय और काल गणना शोध केंद्र को भी डेवलप किया जाएगा।

# महाविद्यालय में 3 दिवसीय युवा उत्सव का शुभारम्भ




**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. दिनेश चन्द्र गुप्ता ने बताया कि म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार महाविद्यालय में दिनांक 18, 19 एवं 21 अक्टूबर, 2024 को 03 दिवसीय युवा उत्सव - 2024-25 के अन्तर्गत प्रथम दिवस 18 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे का उद्घाटन माननीय श्री नरेशजी चंदवानी अध्यक्ष स्थानीय प्रबंधन समिति के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

उद्घाटन अवसर पर माननीय श्री नरेशजी चंदवानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को युवा उत्सव के दौरान आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता करनी चाहिए। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है एवं रचनात्मकता का विकास होता है। प्राचार्य डॉ. दिनेशचन्द्र गुप्ता ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में 03 दिवसीय युवा उत्सव के अन्तर्गत कुल 21 विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। युवा उत्सव अन्तर्गत दिनांक 18 अक्टूबर, 2024 (प्रथम दिवस) को कार्टूनिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर प्राची सोनी एम.एससी तृतीय सेम, द्वितीय स्थान रूचि श्रीवास्तव बीएससी तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर राधिका बैरागी बीएससी तृतीय वर्ष रही। रांगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भाग्यश्री जैन बी.एस-सी प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर खुशी कैथवास बी.एससी प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान पर मनीषा चौहान बी.ए. द्वितीय वर्ष रही। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राजश्री एमए तृतीय सेम, द्वितीय स्थान पर पायल बी.ए. तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान पर प्राची सोनी एम.एससी तृतीय सेम रही। स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रीतु चौधरी बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान पर भाग्यश्री यादव एमएससी प्रथम सेम एवं तृतीय स्थान पर राजश्री एमए तृतीय सेम. रही।

युवा उत्सव की संयोजक डॉ. विनीता कुलश्रेष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19 अक्टूबर, 2024 (द्वितीय दिवस) को भाषण, प्रश्न मंच, वाद-विवाद, मुकाभिनय, एकांकी (लघु नाटक), स्क्रिट (हास्य नाटिका), एकल वादन (नान परकुशन), एकल वादन (परकुशन) प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दिनांक 21 अक्टूबर 2024 (अंतिम दिवस) को एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गायन (पाश्चात्य), एकल गायन (शास्त्रीय), समूह गायन (भारतीय), सुगम गायन, एकल नृत्य, समूह नृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को अधिकाधिक संख्या में युवा उत्सव में उत्साहपूर्वक सम्मिलित होने का आव्हान किया है। महाविद्यालय स्तरीय युवा उत्सव का संचालन डॉ. सीमा जैन ने किया तथा आभार डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने माना।



## शरद पूर्णिमा पर गरबोत्सव सम्पन्न

**मनासा, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पोरवाल महिला मंडल मनासा द्वारा पिछले वर्षानुसार इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में पोरवाल समाज के एकदिवसीय गरबे का आयोजन रखा गया। जिसमे समाज के महिला पुरुषों एवं बच्चों ने डांडिया में उत्साह के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों द्वारा गणेश जी एवं राधाकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्विपप्रज्वल्लन कर आरती के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में सही समय पर आने वाले तीन सदस्यों का लक्की ड्रा द्वारा चयन कर महिला मंडल द्वारा उन्हें पुरुस्कार कर सम्मानित किया गया। शरद पूर्णिमा के कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष वंदना पोरवाल, कृष्णा फरक्या, भावना गुप्ता, राधिका फरक्या, सपना डबकरा, पुष्पा धनोतिया, पुष्पा मंडवारिया, रमा गुप्ता, गायत्री दानगढ के साथ ही कार्यकारिणी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी को अमृतमय खीर का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शानदार संचालन भावना गुप्ता द्वारा किया गया।



## चाइनीज पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित की जाए

### स्वदेशी जागरण मंच ने दिया कलेक्टर को ज्ञापन

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ज्ञापन देकर चीन में निर्मित होने वाले पटाखों की जिले में बिक्री पर प्रतिबंध लगाने तथा पटाखों व इलेक्ट्रॉनिक सामानों पर भगवान के चित्र पर रोक लगाने की मांग की।

स्वदेशी जागरण मंच ने कहा कि प्रतिबंधों के बावजूद चाइनीज पटाखों का क्रय विक्रय चिंता का विषय रहा है। चाइना में निर्मित पटाखों में प्रतिबंधित केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाना है। यह केमिकल्स इंसानों के लिए खतरनाक होने के साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक हैं। इसलिए चाइनीज पटाखों के विक्रय पर सख्ती पर रोक लगाई जाए। तथा पटाखों के साथ ही ऐसे इलेक्ट्रॉनिक आइटम जिन पर भगवान के चित्र लगाये जाते है तथा बाद में भगवान का अपमान होता है उस पर भी रोक लगाई जाए। इस अवसर पर विभाग विस्तारक दिलीप व्यास, जिला संयोजक अंकुश पालीवाल, जिला सहसंयोजक दिलीप चौधरी, महेंद्र सिंह राजावत, जिला संपर्क प्रमुख डॉ हेमंत नामदेव, जिला वरिष्ठ आयाम प्रमुख वीरेंद्र आर्य, तहसील संयोजक अभिजीत सिंह मंडलोई, तहसील सह संयोजक जितेंद्र पाटीदार, सतीश बैरागी, रविंद्रसिह जादौन, शुभम सारस्वत, किशन पांडे, देवेंद्र भारती, मातृशक्ति तहसील कार्य प्रमुख पूजा ठाकुर, तहसील कार्य सह प्रमुख मीनाक्षी पंवार, कविता चौहान, रेखा जोशी आदि उपस्थित थे।

## तेलिया तालाब प्रदूषण के मामले को लेकर नपाध्यक्ष ने कलेक्टर को लिखा पत्र

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** तेलिया तालाब का पानी मंदसौर नगर में भू-जल का प्रमुख स्रोत है इस तालाब में लगातार प्रदूषण बढ रहा है जिसके कारण तेलिया तालाब का पानी जो कि भूजल का प्रमुख स्रोत है वह प्रदुषित हो रहा है इस मामले को लेकर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने मंदसौर कलेक्टर श्रीमती आदिति गर्ग को पत्र लिखा है पत्र में नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कलेक्टर को अवगत कराया है कि तेलिया तालाब भू-जल का प्रमुख प्रमुख स्रोत है, तेलिया तालाब में पर्यटक स्थल भी है इसकी सुंदरता और रमणीय स्थल होने से मंदसौर नगर के नागरिक यहां पर भ्रमण करने आते हैं तेलिया तालाब के कारण ही तालाब के आसपास की कालोनियां व अभिनंदन नई आबादी क्षेत्र के कुआ बावडीया हैंडपंप एवं टयूबवेल को इसी के पानी से पानी उपलब्ध होता है पत्र में अवगत कराया गया है कि तेलिया तालाब के आसपास के क्षेत्र के उद्योगों एवं फैक्ट्री का केमिकल वेस्ट इस तालाब के पानी में मिलने से तालाब का पानी विशेला हो रहा है तथा तालाब के जलीय जीव लगातार मर रहे हैं तेलिया तालाब के प्रदूषण के कारण इसके दूषित जल से नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है नगरपालिका परिषद आपसे निवेदन करती है कि तेलिया तालाब के आसपास के क्षेत्र में संचालित उद्योगों फैक्ट्री का केमिकल वेस्ट तालाब में मिलने से रोके जाने हेतु जिला प्रशासन आवश्यक कार्यवाही करें तथा की गई कार्रवाई से अवगत कराये।



## विद्युत वितरण कंपनी की मनमानी से परेशान किसान

**पिपलियामंडी, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** विद्युत वितरण कंपनी मनमानी से किसान परेशान है। भारी भरकम बिलों की पठानी वसूली से किसानों का जीना दुश्वार हो गया है। बरखेड़ा जयसिंह के किसान चन्द्रपालसिंह शक्तावत ने बताया कि बालागुढ़ा विद्युत वितरण कंपनी द्वारा क्षेत्र में किसानों को पहले तो भारी भरकम बिल थमा दिए अब पूरी राशि एक साथ भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। किसान किस्तों में राशि जमा कराने को तैयार है, उसके बावजूद उन पर पूरी राशि एक साथ भरने का दबाव बनाया जा रहा है। एक साथ राशि जमा नही कराने पर डीपियों पर ताले लगाए जा रहे है व लाइन बंद कर परेशान किया जा रहा है। शक्तावत ने बताया कि वितरण कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी चुनाव के दौरान तो परेशान नही करते है, लेकिन चुनाव होने के बाद किसानों अनावश्यक रुप से परेशान किया जाता है।

# बिजली की कुल आवश्यकता की 50 फीसदी पूर्ति सौर ऊर्जा से करेगा मध्य प्रदेश

**भोपाल, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश अपनी आवश्यकता की 50 फीसदी बिजली की आपूर्ति सौर ऊर्जा से करेगा। वर्ष 2030 तक लगभग 40 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी। इसमें से आधी यानी 20 हजार मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा से बनाई जाएगी। इसके लिए सरकार कार्ययोजना बनाकर काम रही है। आठ हजार मेगावाट सौर ऊर्जा की परियोजना मुरैना, शिवपुरी, सागर और धार में स्थापित करने पर मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच सहमति बनी है। आगर, धार, अशोकनगर, भिंड, शिवपुरी और सागर में साढे सात हजार मेगावाट ऊर्जा क्षमता की परियोजनाएं प्रस्तावित की गई हैं।

बता दें कि प्रदेश में अभी 26 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता होती है। इसमें से सौर ऊर्जा से सात हजार मेगावाट बिजली की पूर्ति हो रही है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 में जब 40 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता होगी, तब आधी बिजली की पूर्ति सौर ऊर्जा से हो जाए। इसे ध्यान में रखते हुए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग ने कार्ययोजना बनाई है। इस योजना के तहत आठ हजार मेगावाट सौर ऊर्जा की परियोजना मुरैना में स्थापित की जाएगी। इस सौर ऊर्जा संयंत्र से बनने वाली बिजली का छह माह उपयोग उत्तर प्रदेश तो शेष छह माह मध्य प्रदेश करेगा। साढ़े सात हजार मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाएं छह जिलों (आगर, धार, अशोकनगर, भिंड, शिवपुरी और सागर) में प्रस्तावित की गई हैं। इसके लिए 15 हजार हेक्टेयर भूमि भी चिन्हित कर ली गई है। गांधीनगर में चौथी ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर समिट में अवाडा ग्रुप ने पांच हजार करोड और रिन्यू पावर ने छह हजार करोड रुपये निवेश करने की रुचि दिखाई। इसके अलावा जल संसाधन विभाग भी सौ मेगावाट की परियोजना पर काम कर रहा है।

ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में मध्य प्रदेश में तेजी से काम हो रहा है। कई परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक 20 हजार मेगावाट बिजली सौर ऊर्जा के माध्यम से प्राप्त हो।

मनु श्रीवास्तव, अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा विभाग

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने पांच संस्थानों से लिए सेम्पल

**मंदसौर, 18 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला कलेक्टर के निदेशानुर्सार आगामी त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। 18 अक्टूबर शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान पांच संस्थानों का निरीक्षण करते हुए गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते नमूने जब्त किये गये है। जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी बी एस जामोद ने बताया कि 18 अक्टूबर शुक्रवार को कार्यवाही के दौरान मंदसौर के जिले के देवश्री होटल झारडा से मावा बर्फी मिठाई, अम्बिका पाटीदार रेस्टोरेन्ट से मावा मिठाई, दीक्षित रेस्टोरेन्ट से सेंव, मिश्रा किराना स्टोर्स से चाय पत्ती और श्री कालेश्वर दरबार रेस्टोरेन्ट से मावा मिठाई के नमुने लिये गये हैं। सभी खाद्य नमुनों को गुणवत्ता स्तर की जांच वास्ते खाद्य विश्लेषक राज्य खाद्य प्रयोगशाला मप्र भोपाल भेजे गये है जहां से जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई की जायेगी। कार्रवाई के दौरान सभी संस्थानो को अपने यहां साफ सफाई रखने एवं पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।




## ✻ उठावना ✻



जगदीश, परमेश्वर, चंद्रशेखर, सुरेश, दिनेश बैरागी के पिता एवं अशोक रामावत के ससुरजी श्री नितिन, वैभव के दादाजी एवं हितेश, अमित के नानाजी एवं रेयांश, मुदित, पार्थ के परदादाजी श्री बद्रीदासजी बैरागी पूर्व कलेक्टर स्टेनो मंदसौर (बावल वाले) का स्वर्गवास दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को हो गया है जिनका उठावना 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को प्रात: 10.30 पर एच.टाइप कालोनी, 5 नाहटा चौराहा मंदसौर पर रखा गया है।

✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
बैरागी परिवार

## ✻✻ नाम परिवर्तन सूचना ✻✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम BURHANUDDIN TIMBAR S/o MULLA TALIB HUSAIN था। मैने अपना नाम परिवर्तन कर नवीन नाम BURHANUDDIN BURHANI S/o MULLA TALIB HUSAIN रख लिया है एवं समस्त दस्तावेजों में नवीन नाम BURHANUDDIN BURHANI S/o MULLA TALIB HUSAIN दर्ज करवा लिया है। मुझे मेरे नए नाम से जाना एवं पहचाना जावें।

BURHANUDDIN BURHANI S/o MULLA TALIB HUSAIN
तहसील रोड, सुवासरा, जिला-मंदसौर

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
### म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल रतलाम
### नामान्तरण –सूचना

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गांधीनगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक MIG I-43 श्री भगवान सिंह नरवरिया पिता श्री परमेश्वर सिंह नरवरिया को मण्डल आदेश क्रमांक-4380 दिनांक 13.11.2003 द्वारा आवंटित किया गया था। इनके द्वारा अपनी पुत्री सुश्री कुसुम नरवरिया का नाम जुडवाते हुए उक्त भवन का विक्रय विलेख संयुक्त नाम से दिनांक 24.03.2006 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में निष्पादित किया गया था। श्री भगवान सिंह नरवरिया पिता श्री परमेश्वर सिंह नरवरिया द्वारा उक्त भवन से अपना हक त्याग कर हक त्याग रजिस्ट्री अपनी पुत्री सुश्री कुसुम नरवरिया पिता श्री भगवान सिंह नरवरिया के पक्ष में दिनांक 16.01.2018 को उप-पंजीयक कार्यालय में निष्पादित करवाया गया था। उक्त हक त्याग रजिस्ट्री एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामांतरण सुश्री कुसुम नरवरिया पिता श्री भगवान सिह नरवरिया अपने नाम करवाना चाहती है।

अत: इस सम्बन्ध मे यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन सुश्री कुसुम नरवरिया पिता श्री भगवान सिंह नरवरिया नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग-रतलाम (मप्र)

## ✻ नाम परिवर्तन सूचना ✻

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरा नाम पूर्व में माजीद एहमद पिता सईद एहमद चौधरी था, अब मैने अपना नाम परिवर्तित कर माजीद चौधरी पिता सईद एहमद चौधरी रख लिया है। अतएव मुझे भविष्य में माजीद चौधरी पिता सईद एहमद चौधरी के नाम से जाना व पहचाना जावें।

माजीद चौधरी पिता सईद एहमद चौधरी
म.नं.-2/5, वार्ड नं.15, मेवातीपुरा, मस्जिद के पास, मंदसौर

## ✻ पूजारी चाहिए ✻
### श्री हरिहर धाम

वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर मंदिर में विराजित दिव्य प्रतिमाओं के पूजन और आरती के लिए पूजारी की आवश्यकता है।

✻✻ संपर्क समय ✻✻
दोपहर 2 बजे से शाम 06 बजे तक
मो. 9424033322, 9425105927


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in